

## शिक्षक राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव हैं: नरेन्द्र

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गंगेव के तत्वावधान में गंगेव में लोकार्पण समारोह एवं शिक्षक सम्मेलन संपन्न हुआ. कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की भूमिका और शैक्षणिक नवाचार पर विशेष जोर दिया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति रहे. जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष विकास तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. जहा फीता काट कर लोकार्पण किया गया. इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत किया गया. बीईओ गंगेव केशव प्रसाद त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया. इसके पश्चात संयुक्त संचालक शिक्षा के.पी. तिवारी, डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा अशोक तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी रीवा रामराज मिश्रा, पूर्व सरपंच कामता सिंह सहित अन्य अतिथियों ने विचार व्यक्त किए. मुख्य अतिथि विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव हैं. ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे. वहीं जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज का सम्मान है, और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए पंचायत स्तर पर हरसंभव सहयोग किया जाएगा.

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे शिक्षकों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ. सम्मेलन में डिजिटल शिक्षा, छात्र हित, अनुशासन और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों पर सार्थक चर्चा हुई.

## जीतने पर अहंकार नहीं होना चाहिए और हारने पर निराश भी नहीं होना चाहिए : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने विजेता टीम को प्रदान की ट्राफी, स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं. खेल के मैदान में सभी खिलाड़ी एक जुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर टीम को हर संभव जीत दिलाने का प्रयास करते हैं.**

उप मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम ढ़ेरा में स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की. ढ़ेरा में आयोजित 11वें क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ढ़ेरा का नाम लंबे समय से लिया जाता रहा है. आयोजकों ने सुव्यवस्थित ढंग से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया. फाइनल मैच काफी रोमांचक




रहा. खेल कभी एक टीम के पक्ष में तो कभी दूसरी टीम के पक्ष में जाता दिखा. उन्होंने कहा कि जीत और हार सिक्के दो पहलू हैं. जीतने पर अहंकार नहीं होना चाहिए और हारने पर निराश भी नहीं होना चाहिए. श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे पूज्य पिता जी कहते थे कि हर परिस्थिति में समभाव रखना चाहिए. उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है.

श्री शुक्ल ने कहा कि ढ़ेरा के युवा पूज्य पिता जी की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं जिससे खेल का विकास होता और नई-नई प्रतिभाएं आगे आती हैं. उन्होंने कहा कि रीवा और मऊगंज के क्रिकेट के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने विजेता टीम खटखरी को 50 हजार रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की.

जबकि उप विजेता टीम को 30 हजार रूपये नगद व ट्राफी दी गयी. कार्यक्रम में मोहनलाल शुक्ला, राजेश पाण्डेय, मनोज शुक्ला, ममल शुक्ला, विपिन मिश्रा, एसडीएम राजेश मेहता सहित अधिकारी उपस्थित रहे.

### खेल प्रतियोगिताएँ आगे बढ़ने का अवसर देती हैं : राजेन्द्र

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं. रीवा में विकास कार्यों के साथ खेल व संस्कृति गतिविधियों के आयोजन से और चार चाँद लग रहे हैं. श्री शुक्ल ने टी.आर.एस. कॉलेज में स्वर्गीय जयपाल सिंह मुण्डा स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. जयपाल सिंह मुण्डा भारतीय संविधान सभा के सदस्य तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान भी रहे. उनकी स्मृति में टूर्नामेंट का आयोजन उनको सच्ची श्रद्धांजलि है. यह टूर्नामेंट आने वाले समय में और ज्यादा लोकप्रिय होगा तथा इसमें बड़ी-बड़ी टीमें हिस्सा लेंगी. स्व. श्री मुण्डा के सपनों का भारत बनाने में सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करें. उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, अनीता सिंह, संदीप गौतम मौजूद रहे.

## रेलवे स्टेशन में पार्किंग ठेकेदार की गुण्डागर्दी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, रेलवे स्टेशन में पार्किंग स्थल पर ठेकेदार की गुण्डागर्दी चल रही है. एक ओर जहा मनमानी वसूली की जाती है वही यात्रियों को परेशान किया जाता है.**

रेलवे के अधिकारी इस पर ध्यान नही दे रहे है. रीवा रेल्वे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार के द्वारा स्टेशन परिसर के सभी खुली जगह में अवरोधक लगाकर पार्किग बसूली की जा रही है. जिससे आने जाने वाले यात्रियों एवं व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही पार्किंग ठेकेदार की मनमानी के कारण रेल्वे के माल बुकिंग घर पर भी व्यापक असर पड़ा है. रेल्वे परिसर कुछ दिनों से पार्किंग ठेकेदार के गुण्डों के हवाले हैं. कोई भी यात्री अथवा सामान बुक कराने वाले व्यापारी स्टेशन परिसर में प्रवेश कर गया तो रेल्वे पार्किग के गुण्डे बदमाश किस्म के बसूली गैंग मनमानी दाम वसूलते है.

रेल्वे के बरिष्ठ अधिकारी आर.पी.एफ सहित सभी चुप्पी साधे है. जबकि पार्किग स्थल स्टेशन परिसर में निश्चित है कि उसके बाहर पार्किग ठेकेदार को काम करने में मनाही होती है साथ ही यात्रियों, मरीजों, व्यापारियों के कार्यों में बाधा डालने का अधिकार नहीं होता है. बरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर स्टेशन परिसर की व्यवस्था बहाल करनी चाहिए.

## उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा के अपने हरिहरपुर स्थित खेत में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं.**

उन्होंने अपने खेत पहुंचकर प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया तथा जैविक इनपुट, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण एवं रासायनिक मुक्त खेती की प्रक्रियाओं की जानकारी ली. श्री शुक्ल के खेत में प्राकृतिक रूप से पालक, मैथी, धनिया, बथुआ, चौराई, शलजम, गाजर आदि सब्जियों के साथ प्राकृतिक बीजामृत से गेंहू की फसल बोई गयी है जिसमें गोबर की खाद का उपयोग किया गया है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने का भारतीय पद्धति है. इससे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने में सहायक होगी.

### संक्षिप्त

#### ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ



**रीवा.** विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन, रीवा (म.प्र.) के तत्वावधान में आयोजित तीसरी ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ रविवार को सिंधु भवन, एस.एफ. चौराहा, गोविंदगढ़ रोड, रीवा में हुआ. प्रतियोगिता में जिले एवं प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेन्द्र सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरमीत सिंह मंगू ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद कुमार मिश्रा सचिव, मंडप आर्ट रीवा, विपुल सिंह सचिव, रावेंद्र प्रताप, दिव्यांशु गौतम, कुलदीप मिश्रा संचालक, वंडर पब्लिक स्कूल, विजय शर्मा क्वाडिनेटर एवं संजय मिश्रा सुधीर सिंह रंजन संचालक आर्ट पॉइंट रीवा समाजसेवी की उपस्थिति रही. मुख्य अतिथि ने कहा कि ताइक्वांडो जैसे अनुशासित खेल बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का विकास करते हैं. वहीं विशिष्ट अतिथियों ने खेलों को मानसिक एवं शारीरिक मजबूती का आधार बताया. निर्णायक की भूमिका में अर्जुन यादव, कबीर दास दहिया, अंकुश चतुर्वेदी, राजवीर तिवारी, आंचल साहू, साधना प्रसाद, सुप्रिया तिवारी, अजय कुमार शर्मा, अमर पासी एवं निखिल कुशवाहा रहे.




#### कृषि विज्ञान केंद्र से किसान रथ का भव्य शुभारंभ

**रीवा.** 11 जनवरी से 09 फरबरी तक चलने वाले किसान रथ अभियान का शुभारंभ 11 जनबरी को कृषि विज्ञान केंद्र रीवा से मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि डॉ यस.के. त्रिपाठी डीन कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर रीवा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र रीवा डॉ राजेश सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चरल यू पी बागरी ने हरी झंडी दिखाकर किसान रथ का कृषि विज्ञान केंद्र रीवा से भव्य उद्घाटन किया. इस अवसर पर सांसद श्री मिश्र ने किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी लेने के लिए प्रेरित किया. किसान रथ के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा. कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

#### 10 एमव्हीए ट्रांसफार्मर स्थापित

**हनुमना.** मऊगंज जिले के हनुमना में बिजली की लगातार कटौती से परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है. स्थानीय विद्युत विभाग ने बताया कि 10 जनवरी को हनुमना केंद्र में 10 एमव्हीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चालू कर दिया गया. उपरोक्त जानकारी देते हुए जे ई रामकिशोर पटेल ने बताया कि अभी तक पांच-पांच एमव्हीए के ट्रांसफार्मर हनुमना तथा ढाबा फीडर में लगे थे. लेकिन कम क्षमता के होने के कारण अक्सर लोड़ अधिक होने से बिजली की समस्या हुआ करती थी. इस बार हनुमान नगर के लिए 10 एमव्हीए का ट्रांसफार्मर आने से लगातार बिजली की मार झेल रहे किसान व व्यापारियों तथा आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकेगी.



विवेकानन्द पार्क में एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह में बैठे महापौर एवं कांग्रेस नेता

## नगर निगम अमला पाइप लाइन लीकेज बंद कराने में जुटा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, शहर में निर्बाध, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम रीवा की जलप्रदाय टीम द्वारा फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है.**

इसी क्रम में आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 8 लीकेज चिन्हित कर त्वरित रूप से सुधार कार्य कराया गया. जिसमें आज विवेकानंद नगर 4 पॉइंट,



अमहिया 2 पॉइंट एवं खुटेही 2 पॉइंट क्षेत्रों में लीकेज अटेंड करते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई कर पाइपलाइन रिपेयरिंग एवं आवश्यक सुधार कार्य किया गया. जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य किया जा सका.साथ ही छत्रपति नगर एवं हीरा नगर क्षेत्रों में घर-घर जाकर ऑन-फील्ड वॉटर टेस्टिंग की गई. जल की गुणवत्ता जांच हेतु टेस्ट ट्यूब, टीडीएस मीटर एवं क्लोरीनेशन टेस्ट किट के माध्यम से जल का भौतिक, रासायनिक एवं क्लोरीन मात्रा (क्लोरीनेशन टेस्ट) का परीक्षण किया गया. गौरतलब है कि क्लोरीनेशन टेस्ट पानी में क्लोरीन की मात्रा मापने की एक प्रक्रिया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि पानी कीटाणुरहित है या नहीं तथा उसमें रोग फैलाने वाले कीटाणु मौजूद हैं या नहीं. जांच के दौरान यह पाया गया कि जल में आवश्यक मात्रा में क्लोरीन उपस्थित है, जिससे पानी सुरक्षित है.

## मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : अजय

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओं संग्राम के द्वितीय चरण में एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह कार्यक्रम तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर विवेकानंद पार्क में रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ.**

सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित कर महापौर सहित सभी कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजली अर्पित की. कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता के प्रिय भजन रघुपति राघव से प्रांरभ हुआ. उपवास सत्याग्रह में महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है भाजपा इतिहास से स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों एवं कांग्रेस के महापुरूषों का नाम विलुप्त करने की साजिश कर रही है जिसका कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेगी. उन्होंने हाल ही में लाए गए वीबीजी रामजी बिल के खामियों को गिनाते हुए कहा कि यह बिल गरीब श्रमिकों का घनघोर विरोधी है. इस उपवास सत्याग्रह में शिव प्रसाद प्रधान, डॉ. एस पी एस तिवारी, गिरीश सिंह, लखनलाल खण्डेलवाल, लल्लन खान, सज्जन पटेल, शत्रुघ्न सिंह सलैया, कुंवर सिंह, बबिता साकेत, डॉ. अरूणा तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, हर्षलाल शुक्ला, विपिन पाण्डेय, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, उमेश सिंह, उमाशंकर पाण्डेय ललन, मुस्तहाक खान, रफीक अंसारी, जी पी त्रिपाठी, ओंकार नाथ पाण्डेय, शशि कुमार पाण्डेय, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, डॉ. विमल दुबे, राजेश मिश्रा बब्बू, पंकज उपाध्याय, इंद्रमणि सिंह, अरूण पाण्डेय आदि मौजूद रहे.

## श्रमिक संघ अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे कल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध नगर निगम श्रमिक कर्मचारी परिषद, दैनिक वेतन भोगी एवं कार्यभारित श्रमिक संघ द्वारा 13 जनवरी को ज्ञापन सौंपा जाएगा.**

विभागों में बढ़ते ठेका प्रथा ' अनुकंपा नियुक्ति , पेंशन बंद किए जाने एवं कार्यालयीन कर्मचारीयों की तरह सफाई कर्मचारियों को अवकाश प्रदान करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा जाएगा. जिसको लेकर तैयारी बैठक मजदूर संघ कार्यालय में सम्पन्न हुई. बैठक में तय किया गया की 13 जनवरी को समय 1:00 बजे स्थानीय पद्मधर पार्क में कर्मचारियों का एकत्रीकरण एवं सभा का आयोजन किया जाएगा. उसके बाद रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगे.

## विवादों से घिरे नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर हटाए गए

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाने में पदस्थ थाना प्रभारी एसआई जगदीश सिंह ठाकुर अपने कार्यो को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहे है. लगातार बढ़ती शिकायत को लेकर मऊगंज एसपी एक्शन मोड़ में आए और जगदीश ठाकुर को लाइन अटैच कर दिया.**

थाना प्रभारी के दौरान जगदीश सिंह ठाकुर की कई शिकायते हुई. अपने कार्य को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहे है फिर चाहे पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना हो या फिर समाजसेवी नेताओं को सलाखों के पीछे भेजने का मामला हो. थाना प्रभारी के खिलाफ अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी लगातार आवाज बुलंद करते रहे और आईजी-एसपी सहित शिकायत लेकर न्यायालय तक पहुंचे. कुंजबिहारी तिवारी थाना प्रभारी के भय और कारगुजारियों के खिलाफ अपनी आवाज कभी नही रोकी. लगातार पुलिस के खिलाफ बोलते रहे. जिस तरह से



राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर ने किसी को नही बक्सा, नईगढ़ी में विवादों से घिरे रहे. एसपी दिलीप सोनी ने थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर के खिलाफ एक्शन लेते हुए तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है. जारी आदेश में तत्काल प्रभाव से रक्षित केन्द्र मऊगंज सम्बद्ध किया गया है. साथ ही तत्काल आमद देने के आदेश दिये गये है. 9 जनवरी को आदेश जारी किया गया है. बतादें कि हाल ही में अगस्त क्रांति मंच के कुंजबिहारी तिवारी ने उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर को लेकर आईजी से शिकायत की थी. जिसमें बताया गया था किस तरह से फर्जी एफआईआर में एक ही व्यक्ति को गवाह बनाया जाता है. शिकायत के चलते ही हटाने का चाबुक चला.

## हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों का माला पहना कर स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 11 जनवरी, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मऊगंज यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह द्वारा एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई.**

यातायात प्रभारी ने हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर उनका चालान करने के बजाय फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया. यह अभियान मऊगंज




नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर चलाया गया, जहां नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित कर यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि स्वयं के जीवन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है. नरेश प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में सिर की गंभीर चोट से बचाव संभव है. उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें.

इस सकारात्मक पहल से लोगों में यातायात नियमों के प्रति अच्छा संदेश गया और कई वाहन चालकों ने पुलिस के इस व्यवहार की सराहना की. इस तरह के प्रोत्साहनात्मक अभियान से नियमों के पालन की प्रवृत्ति बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी.

## आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

**मऊगंज, 11 जनवरी,** युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के खेल परिसर में प्रातः 9 बजे से आयोजित कार्यक्रम के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं.

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार आज होगा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 जनवरी, स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है.**

इस दिन जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा. जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक एवं तीन के परिसर में आयोजित जाएगा. समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति शामिल होंगे. कार्यक्रम में विद्यार्थी सुबह 9 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे. तैयारी पूरी कर ली गई है. जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार के अलावा अन्य जगह भी सूर्य नमस्कार होगा.